(1)

न्यायालय उप जिला कलेक्टर बौंली जिला–सवाई माधोपुर

विध प्रार्थना पत्र संख्या 22/2019
ठासीन अधिकारी–बद्री नारायण मीना आर.ए.एस

1. रमेश चन्द पुत्र भौरीलाल जाति धोबी निवासी बौंली तह0 बौंली जिला–सवाई माधोपुर।
2. औमप्रकाश पुत्र भौरीलाल जाति धोबी निवासी बौंली तह0 बौंली जिला–सवाई माधोपुर।

बनाम

लैण्ड होल्डर तहसीलदार बौंली जिला–सवाई माधोपुर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 भू0राज0अधिनियम

उपस्थित–श्री राघवेश शर्मा एडवोकेट प्रार्थी की और से.........

दिनांक 12.3.22

प्रार्थीयान की और से यह प्रार्थना पत्र इस आशय का पेश किया कि ग्राम बौली पटवार हल्का बौंली ए तह0 बौंली में स्थित आराजी खसरा नं0 207 रकबा 0.50 है0 , खसरा नं0 208 रकबा 0.38 है0 , खसरा नं0 209 रकबा 0.65 है0 , खसरा नं0 1230/6079 रकबा 0.01 हैक्टेयर कुल किता 4 कुल रकबा 1.54 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीयान की खातेदारी कब्जेकाश्त में दर्ज है तथा उक्त आराजी पर प्रार्थीयान का कब्जा चला आ रहा है। उक्त भमि के आस पास अन्य कई लोगो की खातेदारी भमि होने के कारण वह आये दिन उक्त भूमि पर अतिकनण करने पर आमदा रहते है साथ ही सीमाबन्दी करने में व्यवधान पैदा करते रहते है अतः उक्त आराजीयात का सीमाज्ञान कर पत्थर गढी करने के आदेश फरमावें।

सुना गया। पत्रावली का अवलोकन किया । उक्त आराजीयात मुतनाजा प्राथीयान की खातेदारी आराजीयात है ऐसी स्थिति में सीमा विवाद होने पर प्रार्थीयान की खातेदारी की आरजीयात का सीमांकन एवं पत्थरगढी कर सीमा विवाद का निस्तारण राजस्थान भू0राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 111,128 में उल्लेखित व्यवस्था अनुरूप किया जाना विधिसंगत है।

अतः तहसीलदार बौंली को निर्देश दिये जाते है कि ग्राम बौली पटवार हल्का बौंली ए तह0 बौंली में स्थित आराजी खसरा नं0 207 रकबा 0.50 है0 , खसरा नं0 208 रकबा 0.38 है0 , खसरा नं0 209 रकबा 0.65 है0 , खसरा नं0 1230/6079 रकबा 0.01 हैक्टेयर कुल किता 4 कुल रकबा 1.54 हैक्टेयर भूमि का सीमांकन एवं पत्थरगढी कर पालना से अवगत करावें। यदि मौके पर फसल सरसब्ज है तो बाद उपज कटाई आदेश की पालना करें।

आदेश आज दिनांक 12.3.22 को आयोजित राष्टीय लोक अदालत केम्प लिखया जाकर हस्ताक्षरित एवं उच्चारित किया गया।

(हस्ताक्षर) न्यायिक अधिकारी
तालुका विधिक सेवा समिति
सिविल न्यायाधीश एवं
न्यायिक मजिस्ट्रेट
बौंली जिला सवाई माधोपुर (राज.)

(हस्ताक्षर)
बद्रीनारायण मीना
उप जिला कलेक्टर
बौंली जिला–सवाई माधोपुर